

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

शुक्रवार 05 जून 2026 बर्ष 02 अंक 146 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

हार मत मानो, क्योंकि हर सुबह नई उम्मीद लेकर आती है। जो गिरकर भी उठे, वही असली विजेता कहलाता है।

## एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप के पदक विजेता पीयूष राज को 9 लाख रुपये का पुरस्कार, सरकारी नौकरी देने की घोषणा

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास में आयोजित एक समारोह के दौरान 22वीं जूनियर एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप में पदक जीतकर बिहार का नाम रोशन करने वाले युवा खिलाड़ी पीयूष राज को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें 9 लाख रुपये का चेक प्रदान कर उनकी उपलब्धि की सराहना की और उनका उत्सा. हवर्धन किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने पीयूष राज की सफलता को बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनकी उप. लब्धि राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने पीयूष राज का हौसला बढ़ाते हुए बिहार सरकार में उन्हें शीघ्र सरकारी सेवा में नियुक्ति देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए लगातार प्रयासरत




है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पीयूष राज को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पीयूष राज आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन कर बिहार एवं देश का नाम रोशन करेंगे।

## निशांत कुमार हैं जदयू का भविष्य- मंत्री के बयान के बाद बिहार की राजनीति में मचा सियासी तूफान, नीतीश के बाद निशांत संभालेंगे कमान?



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता एवं मंत्री श्रवण कुमार ने एक बयान में कहा है कि निशांत कुमार पार्टी का भविष्य हैं। उनके इस बयान के बाद राजनी. तिक गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है कि क्या निशांत कुमार जल्द ही सक्रिय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने वाले हैं। गौरतलब है कि निशांत कुमार अब तक प्रत्यक्ष राजनीति से दूरी बनाए हुए हैं, हालांकि समय–समय पर उनके राजनीति में प्रवेश को लेकर चर्चाएं होती रही हैं। मंत्री श्रवण कुमार के ताजा बयान ने इन अटकलों को नई हवा दे दी है। राजनीतिक विश्लेषक भी इस बयान के कई मायने निकाल रहे हैं और इसे जदयू की भविष्य की रणनीति से जोड़कर देख रहे हैं।वहीं, विपक्षी दल भी इस घटनाक्रम पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। राजनीतिक हलकों में अब यह सवाल उठने लगा है कि क्या जदयू आने वाले दिनों में निशांत कुमार को संगठन या राजनीति में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकती है। हालांकि, पार्टी की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई आ. धिकारिक घोषणा नहीं की गई है। ऐसे में निशांत कुमार की राजनीतिक भूमिका को लेकर जारी चर्चाओं के बीच सभी की निगाहें जदयू के अगले कदम पर टिकी हुई हैं। आने वाले दिनों में पार्टी की रणनीति और नेतृत्व को लेकर तस्वीर और अधिक स्पष्ट हो सकती है।

## सड़क और पुल निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं सभी पुलों का हो नियमित सुरक्षा ऑडिट : सम्राट चौधरी

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभ. ागार में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में राज्य की विभिन्न सड़क एवं पुल परियोजनाओं की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता तथा रख–रखाव की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों एवं पुलों के निर्माण की गुणवत्ता और उनके रख–रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी पुलों का विशेषज्ञों द्वारा नियमित निरीक्षण कराया जाए तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप उनका सुरक्षा ऑडिट सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्याधीन सड़कों एवं पुलों के निर्माण तथा रख–रखाव के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सभी सड़क एवं पुल परियोजनाओं का गुणवत्तापूर्ण निर्माण एवं नियमित रख–रखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को सुरक्षित और बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।



बैठक में मुख्यमंत्री ने मुंगेर (सफियाबाद)–बरियारपुर–घोरघट–सुल्तानगंज–भागलपुर–सबौर फोरलेन गंगा पथ परियोजना की भी समीक्षा की। उन्होंने इस परियोजना को हाइब्रिड एन्यूटी मोड के तहत क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के साथ–साथ विकास और आर्थिक गतिविधियों को भी गति प्रदान करेगी। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में सुरक्षित, सुदृढ़ और आधु. निक सड़क अवसंरचना के निर्माण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## मलमास मेले में ड्यूटी से गायब विकास मित्र पर कार्रवाई, मानदेय स्थगित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में प्रतिनियुक्ति के बावजूद लगातार अनुपस्थित रहने वाले एक विकास मित्र के खिलाफ जिला प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित कर्मी का मानदेय स्थगित कर दिया गया है तथा उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। जानकारी के अनुसार जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा नगर परिषद राजगीर के वार्ड संख्या–10 के विकास मित्र लक्ष्मीकांत की प्रतिनियुक्ति 17 मई से 15 जून 2026 तक मलमास मेला क्षेत्र में की गई थी। हालांकि मेला थाना क्षेत्र के कंट्रोल रूम प्रभारी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि लक्ष्मीकांत 17 मई से ही अपने प्रतिनियुक्ति एवं कर्तव्य स्थल से लगातार अनुपस्थित हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अनुपस्थिति की सूचना मिलने के बाद उनसे दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद जिला के वरीय पदाधिकारियों के माध्यम से भी उन्हें सूचना भेजी गई, बावजूद इसके वे अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए।जिला प्रशासन ने इसे कर्तव्य के प्रति लापरवाही, वरीय अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा स्वेच्छाचारिता का मामला माना है। इसके आलोक में जिला कल्याण पदाधिकारी, नालंदा ने उनकी अनुपस्थिति अवधि के वेतन में कटौती करते हुए मानदेय स्थगित कर दिया है तथा कारण–पृच्छा जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने अथवा जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में संबंधित विकास मित्र के विरुद्ध विभागीय एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर उनकी संविदा समाप्त कर सेवा से मुक्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। मलमास मेले जैसे महत्वपूर्ण आयोजन में ड्यूटी से अनुप. स्थित रहने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120

# 1 जुलाई से शुरू होगा डिग्री कॉलेज, तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे एसडीओ

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट हिलसा (नालंदा)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई से प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के संचालन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने संबंधित अधिकारियों के साथ कराय परसुराय प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय मखदुमपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा अभियान) मो. शहनवाज, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कराय परसुराय तथा प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अमरेंद्र सिन्हा भी मौजूद थे। अधिकारियों ने डिग्री कॉलेज संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत सु. विधाओं एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉलेज संचालन से जुड़ी सभी तैयारियां निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरी कर ली जाएं। उन्होंने परिसर की साफ–सफाई, पेयजल व्यवस्था, रंग–रोगन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को शीघ्र दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पुस. तकों के समुचित रख–रखाव में कमी पाए जाने पर अनुमंडल पदाधिकारी ने नाराजगी जताई।



उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय प्रधान से इस संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर की चहारदीवारी निर्माण की मांग भी अधिकारियों के समक्ष रखी। एसडीओ ने कहा कि इस मांग से संबंधित विभाग को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल ने कहा कि 1 जुलाई से डिग्री कॉलेज का संचालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी।

# 9 जून को नालंदा में लगेगा जॉब कैंप, 110 पदों पर होगी भर्ती




**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में जिला नियोजनालय नालंदा द्वारा आगामी 9 जून को जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप संयुक्त श्रम भवन स्थित जिला नियोजनालय परिसर, ब्लॉक कैंपस बिहारशरीफ में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक आयोजित होगा। जिला नियोजन पदा. धिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि जॉब कैंप में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी 2Coms Consultancy Pvt- Ltd. भाग लेगी। कंपनी द्वारा असेंबली लाइन ऑपरेटर एवं मशीन ऑपरेटर के कुल 110 पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप. लोमा एवं स्नातक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 17 हजार से 19 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत 11 हजार रुपये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति नोएडा एवं बेंगलुरु में की जाएगी। जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, इसलिए नियुक्ति संबंधी सभी शर्तों एवं नियमों के लिए संबंधित कंपनी स्वयं जिम्मेदार होगी। जिला नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा। जिला नियोजन पदाधिक. ारी ने जिले के बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को सभी आवश्यक प्रमाण–पत्रों के साथ जॉब कैंप में पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाएं।

# मलमास मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन मुस्तैद, परिवहन, स्वास्थ्य और सहायता सेवाएं सुदृढ़

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर मेला क्षेत्र में परिवहन, स्वास्थ्य एवं सहायता सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों के समय पर मेला क्षेत्र पहुंचने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिला परिवहन विभाग की ओर से प्रतिदिन सुबह 5 बजे समाहरणालय परिसर, बिहारशरीफ से राजगीर मेला क्षेत्र के लिए बस सेवा संचा. लित की जा रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मेला ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का समय पर निर्वहन कर सकें। वहीं श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूत किया गया है। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक, नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी पूरी तत्परता और निष्ठा के साथ सेवा दे रहे हैं। आपदा मित्रों की टीम भी लगातार सक्रिय है और आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित श्रद्धालुओं को तत्काल रेस्क्यू कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करा रही है।



मलमास मेले के दौरान ब्रह्मकुंड में स्नान एवं पूजा–अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में दिव्यांगजन, वृद्ध महिला–पुरुष श्रद्धालुओं की सहायता के लिए व्हीलचेयर की विशेष व्यवस्था की गई है। आपदा मित्र नियमित रूप से व्हीलचेयर के माध्यम से श्रद्धालुओं को ब्रह्मकुंड तक पहुंचाने और उनकी सहायता करने में जुटे हुए हैं।

जिला प्रशासन के अनुसार श्रद्धालुओं की सेवा एवं सुविधा के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी लगातार कार्य कर रहे हैं। प्रशासन का प्रयास है कि राजकीय राजगीर मलमास मेला 2026 में आने वाले सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।






# खेत बचाओ अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** खेत बचाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों के बीच व्यापक जागरूकता प्रसार के उद्देश्य से जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नितेश कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत संबोधन के साथ हुआ। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, हरनौत की वरीय वैज्ञानिक–सह–प्रधान डॉ. सीमा कुमारी एवं श्री उमेश नारायण उमेश, उप निदेशक (कृषि अभियंत्रण) नालंदा श्री अभिमन्यु कुमार, सहायक निदेशक (शस्य), भूमि संरक्षण, नालंदा श्री भुदेव राणा सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने अतिथि विशेषज्ञ के रूप में भाग लिया। इसके अतिरिक्त कृषि कर्मी, कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रगतिशील एवं उत्कृष्ट किसान, जिले के खाद विक्रेता तथा विभिन्न खाद आपूर्तिकर्ता कंपनियों के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नितेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कृषि भूमि, मृदा स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों और कृषि क्षेत्र के सतत विकास से जुड़ा जन–आंदोलन है। इसके माध्यम से किसानों को मृदा संरक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, जल संरक्षण, फसल अवशेष प्रबंधन तथा पर्यावरण–अनुकूल कृषि पद्धतियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों एवं कृषि कर्मियों को मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल विविधीकरण, जलवायु–अनुकूल कृषि तकनीकों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के असंतुलित उपयोग से भूमि की उर्वरता प्रभावित होती है, जिससे उत्पादन क्षमता में कमी आती है।




इसलिए किसानों को वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुरूप कृषि कार्य करने की आवश्यकता है।
प्रशिक्षण सत्र में किसानों को मृदा जांच के महत्व, फसल चक्र अपनाने, हरी खाद के उपयोग, जैविक खाद निर्माण, सूक्ष्म पोषक तत्वों के संतुलित प्रयोग तथा वर्षा जल संरक्षण की तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि बदलती जलवायु परिस्थितियों में कृषि उत्पादन को सुरक्षित रखने के लिए नवीन कृषि तकनीकों एवं वैज्ञानिक सलाह को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उपस्थित कृषि कर्मियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने–अपने कार्यक्षेत्र में गांव स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाएं तथा खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों एवं लाभों की जानकारी प्रत्येक किसान तक पहुंचाएं। उन्हें किसानों के साथ नियमित बैठक, किसान चौपाल, प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का दायित्व सौंपा गया।डॉ. नितेश कुमार ने सभी कृषि कर्मियों एवं प्रगतिशील किसानों से अपील की कि वे अभियान के संदेशवाहक बनकर अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि किसानों की सक्रिय भागीदारी से ही कृषि भूमि की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है तथा भावी पीढ़ियों के लिए कृषि संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान किसानों द्वारा कृषि संबंधी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को भी रखा गया, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान प्रस्तुत किया गया। उपस्थित किसानों ने अभियान के उद्देश्यों की सराहना करते हुए इसे गांव–गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिया गया कि खेत बचाओ अभियान के तहत संचालित गतिविधियों का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए तथा किसानों को वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग के प्रति निरंतर जागरूक किया जाए।

# पर्यटन स्थलों पर वेंडर जोन, रोजगार और उद्योग नीति को लेकर जनसुराज ने सरकार से पूछे 12 अहम सवाल



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** जनसुराज के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने बिहार सरकार के समक्ष पर्यटन, रोजगार, छोटे व्यवसायियों और औद्योगिक विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हजारों छोटे दुकानदार, ठेला–खोमचा विक्रेता, हस्तशिल्प कारोबारी और स्थानीय स्वरोज़गार से जुड़े लोग अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन अधिकांश स्थानों पर उनके लिए व्यवस्थित वेंडर जोन और स्थायी बाजार की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि वेंडर जोन के अभाव में छोटे और कमजोर व्यवसायियों को प्रशासनिक कार्रवाई, अतिक्रमण हटाने की चेतावनी, जुर्माना तथा उत्पीड़न जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे उनकी आजीविका प्रभावित होती है और पर्यटन से मिलने वाले आर्थिक लाभ का पूरा फायदा स्थानीय लोगों तक नहीं पहुंच पाता। उपेंद्र कुमार विभूति ने सवाल उठाया कि जब देश के कई राज्यों के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर वेंडर जोन, फूड कोर्ट और स्थानीय उत्पादों के लिए विशेष बाजार विकसित किए जा चुके हैं, तब बिहार के पर्यटन स्थलों पर ऐसी व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि पर्यटन केवल दर्शनीय स्थलों के निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोज़गार के अवसर भी सृजित होने चाहिए। उन्होंने सरकार से पूछा कि आखिर कब तक छोटे दुकानदार और गरीब व्यवसायी अस्थायी व्यवस्था के भरोसे अपना रोजगार चलाते रहेंगे। साथ ही यह भी जानना चाहा कि क्या राज्य के प्रत्येक प्रमुख पर्यटन स्थल पर स्थायी वेंडर जोन, पार्किंग, शौचालय और स्थानीय उत्पाद बाजार विकसित करने की कोई समयबद्ध योजना सरकार के पास है या नहीं। व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने बिहार में उद्योग और निवेश की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विशाल युवा आबादी और पर्याप्त श्रमशक्ति होने के बावजूद राज्य निवेश और औद्योगिक विकास के मामले में अपेक्षित प्रगति नहीं कर सका है। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या केवल लीची, केला, मखाना, बालू और कुछ कृषि उत्पादों के सहारे बिहार की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों और ग्रामीण उद्यमों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई नीतियों की जानकारी भी मांगी। साथ ही यह सवाल भी उठाया कि अन्य राज्यों की तरह बिहार के उत्पादों को व्यापक पहचान और ब्रांडिंग दिलाने में अब तक अपेक्षित सफलता क्यों नहीं मिल सकी है। उपेंद्र कुमार विभूति ने कहा कि रोजगार के सीमित अवसरों के कारण बिहार के लाखों युवाओं को दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से पर्यटन, कृषि और उद्योग को एकीकृत कर रोजगार सृजन की व्यापक रणनीति सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या सरकार पर्यटन स्थलों पर स्थानीय युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोज़गार आधारित बाजार विकसित करने को तैयार है। उन्होंने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए भूमि उपलब्धता, बिजली आपूर्ति, परिवहन सुविधाओं और प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इस दिशा में अब तक हुई उपलब्धियों का ब्यौरा सार्वजनिक करने की मांग की। उपेंद्र कुमार विभूति ने राज्य सरकार को सुझाव दिया कि सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आधुनिक वेंडर जोन विकसित किए जाएं। स्थानीय उत्पादों की बिक्री के लिए स्थायी केंद्र स्थापित किए जाएं तथा पर्यटन स्थलों को हस्तशिल्प और स्थानीय खाद्य उत्पादों के बाजार से जोड़ा जाए। उन्होंने जिला स्तर पर छोटे उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज, युवाओं के लिए पर्यटन आधारित स्वरोज़गार योजनाएं, बिहार के प्रमुख उत्पादों की ब्रांडिंग एवं विपणन के लिए अलग प्राधिकरण तथा निवेशकों के लिए प्रभावी सिंगल विंडो व्यवस्था लागू करने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने प्रत्येक जिले में स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए स्थायी हाट एवं मार्केट कॉम्प्लेक्स विकसित करने तथा छोटे और कमजोर व्यवसायियों को कानूनी सुरक्षा एवं पहचान पत्र उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यदि पर्यटन, कृषि और उद्योग को एकीकृत करते हुए रोजगार सृजन का मॉडल विकसित किया जाए तो बिहार आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बन सकता है और राज्य से होने वाले पलायन में भी कमी लाई जा सकती है। जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर सरकार को स्पष्ट नीति और समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करनी चाहिए।






# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर बूथ स्तर पर होगा वृक्षारोपण

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** भारतीय जनता पार्टी, बिहारशरीफ नगर उत्तरी की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष संदीप कुमार की अध्यक्षता में बिहारशरीफ के बबुरबन्ना मोहल्ला स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में मंडल प्रभारी के रूप में जिला मंत्री अमरेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल से लेकर बूथ स्तर तक पूरे माह आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इनमें वृक्षारोपण अभियान, जनसंपर्क अभियान, स्वच्छता अभियान, योग कार्यक्रम सहित अन्य जनकल्याणकारी गतिविधियां शामिल हैं। बैठक के दौरान ष्एक पेड़ मां के नामष् अभियान के तहत कार्यकर्ताओं के बीच फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया तथा उन्हें अपने–अपने बूथ क्षेत्रों में वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, महीने भर चलने वाले कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए कार्यकर्ताओं के बीच विभिन्न जिम्मेदारियों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री अमरेश कुमार ने कहा कि 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ष्एक पेड़



मां के नामष् अभियान का आह्वान किया गया था। उन्होंने देशवासियों से पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने की अपील की थी। इस जनभागीदारी अभियान के परिणामस्वरूप अब तक देशभर में 140 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेंगे। बैठक में जिला मंत्री अमरेश कुमार, नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, नगर महामंत्री मोनू कुमार, नगर उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रेमजीत कुमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राजकमल पासवान, शक्ति केंद्र प्रमुख सुनील कुमार, बूथ अध्यक्ष राजदीप कुमार, अविनाश कुमार, राजेश चंद्र दीपक, शशिकांत सिन्हा, अरविंद कुमार, कमल प्रभाकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# घर में घुसकर महिला से अभद्र व्यवहार, विरोध करने पर पिस्तौल दिखाकर दी धमकी, फायरिंग कर फरार हुए बदमाश

**केशववाणी इसलामपुर (नालंदा)।** इसलामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा घर में घुसकर एक महिला के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा विरोध करने पर हथियार के बल पर धमकाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है। पीड़ित महिला ने इस संबंध में स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता के अनुसार, घटना उस समय हुई जब वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान कुछ बदमाश हरवे–हथियार से लैस होकर उसके घर में घुस आए और अभद्र व्यवहार करने लगे। महिला द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपितों ने पिस्तौल दिखाकर उसे जान से मारने तथा घर छोड़कर चले जाने की धमकी दी। बदमाशों के आक्रामक रवैये से घबराई महिला किसी तरह घर से बाहर निकली और शोर मचाते हुए मदद की गुहार लगाने लगी।महिला की चीख–पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुटने लगे। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख बदमाश बौखला गए और दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर पूरे गांव में अफरा–तफरी मच गई। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।पीड़िता ने आरोप लगायी है कि जबरन जमीन कब्जाने की नीयत से इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बतायी कि उनके परिवार के अधिकांश सदस्य मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं, जिसका फायदा उठाकर दबंग उन पर दबाव बना रहे हैं। महिला ने आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम रह सके।

# हरनौत में 32 केंद्रों पर चल रहा है समर कैंप, कैंप में पानी, डस्टर,खल्ली सहित अन्य का अभाव

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूल में बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक क्षमता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग द्वारा समर कैंप की शुरुआत की गई है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी(बीईओ) नितेश कुमार रंजन ने कहा कि सुबह सात से नौ बजे तक कुल 32 टोला सेवक के माध्यम से कक्षा चार,पांच एवं छः कक्षा के तकरीबन सैकड़ों कमजोर बच्चों को विशेष शिक्षण पद्धति के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है।प्रत्येक कैंप में 10 से 15 बच्चों को शामिल किया गया है। 20 जून तक तक चलने वाले समर कैंप में प्रतिदिन बच्चों को केवल पुस्तक आधारित शिक्षा नहीं दी जा रही है ,बल्कि गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति अपना कर भी पढ़ाया जा रहा है।जिससे वे आसानी से विषयों को समझ सकें। पढ़ाई को रोचक और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न शिक्षण उपकरणों और अभ्यास सामग्री का भी उपयोग किया जा रहा है।समर कैंप में शामिल बच्चों के लिए मूल्यांकन की व्यवस्था भी की गई है। कैंप के दौरान और समापन के बाद विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन किया जाएगा। इससे यह पता लगाया जाएगा कि बच्चों की पढ़ने और गणना करने की क्षमता में कितना सुधार हुआ है। उन्होंने बताया यह अभियान बच्चों की सीखने की खाई को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



इससे न केवल उनकी बुनियादी शिक्षा मजबूत होगी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और आगे की पढ़ाई के लिए मजबूत आधार तैयार होगा।वहीं मध्य विद्यालय पाकड़ के टोला सेवक धर्मेंद्र कुमार, मध्य विद्यालय तेलमर के बसंत चौधरी,राजेश कुमार, इंद्रदेव सहित अन्य टोला सेवक ने बताया कि इस कैम्प में ऐसे बच्चे भी शामिल किए गए हैं, जिन्हें तीन अंकों के जोड़, घटाव, गुणा और भाग जैसे सामान्य गणितीय सवाल हल करने में परेशानी होती है। बच्चों को आओ खेलें, ककहरा, संख्या चार्ट एवं पहाड़ा, अनुच्छेद, आज का सवाल, कहानियां, भाषा ज्ञान के माध्यम से सीखाया जा रहा है। कमजोर बच्चों को आगे बढ़ाने में यह काफी सहयोगी साबित होगा। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें हिंदी और गणित में दक्ष बनाया जा रहा है।उधर मध्य विद्यालय पाकड़ के टोला सेवक धर्मेंद्र कुमार बताते हैं कि कैंप में केंद्र पर बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं है।शिक्षण के लिए मार्कर,चॉक , डस्टर सहित अन्य स्टेशनरी समान का अभाव है। जबकि स्कूल प्रबंधन को इसे मेंटेनेंस करना है।

# इस्लामपुर में दो अलग–अलग मारपीट की घटनाओं में महिला समेत दो गंभीर रूप से जख्मी, पुलिस जांच में जुटी

**केशववाणी इस्लामपुर(नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र में हुई दो अलग–अलग मारपीट की घटनाओं में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए इस्लामपुर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया। पहली घटना थाना क्षेत्र के धमौली गांव की है। आरोप है कि पारिवारिक विवाद में एक पत्नी ने अपने पिता और चाचा के साथ मिलकर अपने ही पति को पेड़ से बांधकर लाठी–डंडे और धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल की पहचान अमरेंद्र कुमार उर्फ जुमन के रूप में हुई है। घायल के चचेरे भाई राहुल कुमार ने इस संबंध में इस्लामपुर थाना में लिखित आवेदन देकर अमरेंद्र की पत्नी नीतू देवी, उसके पिता उपेंद्र चौधरी उर्फ मुन्नू महतो तथा चाचा पप्पू महतो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। आवेदन में राहुल कुमार ने बताया है कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि अमरेंद्र कुमार गांव से कुछ दूरी पर सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर वह ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां घायल ने बताया कि उसकी पत्नी, ससुर और चाचा ने मिलकर उसे पेड़ से बांध दिया और लाठी–डंडे तथा धारदार हथियार से बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि नीतू देवी ने हंसिया से उसकी आंख पर भी वार किया। घायल ने यह भी आरोप लगाया कि हमलावर उसे मृत समझकर सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए।राहुल कुमार के अनुसार, घायल द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में दिए गए बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई है, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और घटना की जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी घटना इस्लामपुर नगर के चमर टोली मो. हल्ले की है। यहां एक महिला को उसके देवर ने कथित रूप से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला अनीता कुमारी ने आरोप लगाया है कि उसके देवर ने घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर नकद राशि तथा सोने–चांदी के आभूषण निकाल लिए। जब उसने इस संबंध में पूछताछ की तो उसके साथ मारपीट की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों मामलों को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है और शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आईआईटी में अंकिता सुमन ने लहराया परचम, ऑल इंडिया रैंक 8859 हासिल कर बढ़ाया नालंदा का मान

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट गिरियक (नालंदा)।** नालंदा जिले के गिरियक प्रखंड स्थित दशरथपुर गांव की होनहार छात्रा अंकिता सुमन ने आईआईटी में 2026 में सफलता हासिल कर परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन किया है। अंकिता ने ऑल इंडिया रैंक 8859 प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अंकिता का रोल नंबर 263042039 है। परिणाम घोषित होते ही परिवार, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। गांव में भी जश्न का माहौल देखने को मिला और लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। अंकिता के पिता अभिजीत शुभम एसएसबी में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता आकांक्षा सुमन स्नातक शिक्षिका हैं। उनके दादा योगेश्वर पंडित सिंचाई विभाग में बड़े बाबू के पद से सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा दादी राजलक्ष्मी देवी गृहिणी हैं। नाना दुक्खन पंडित और नानी प्रमिला देवी ने भी अपनी नातिन की सफलता पर गर्व व्यक्त किया है।अंकिता ने अपनी स्कूली शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर से पूरी की।



उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 92 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। शुरू से ही मेधावी छात्रा रही अंकिता ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड में सफलता हासिल की। सफलता की खबर मिलते ही दशरथपुर गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। मोहल्लेवासियों और शुभचिंतकों ने अंकिता का स्वागत कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार के सदस्यों ने कहा कि अंकिता की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए तो किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि अंकिता भविष्य में उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर देश और समाज की सेवा करेंगी तथा नालंदा जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर और गौरवान्वित करेंगी।

अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
7033325120

